हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 26 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 14.5 डिग्री
न्यूनतम 3.8 डिग्री

15 फरवरी को मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 13

पुराने बस स्टैंड पर बनेगा शॉपिंग सेंटर कच्चा .. 14










## गणतंत्र दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूरी

# कृषि मंत्री आज फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज और परेड की लेंगे सलामी

## जिला प्रशासन ने आयोजन स्थल का किया निरीक्षण

- जिला स्तरीय समारोह राजीव गांधी खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा
- कृषि मंत्री राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को अर्पित करेंगे श्रद्धांजलि
- विभागों की उन्नति प्रदर्शित करती झांकियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

75वें गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह में प्रदेश के कृषि मंत्री जेपी दलाल राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और भव्य परेड की सलामी लेंगे। इससे पूर्व कृषि मंत्री स्थानीय मदवि स्थित राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देंगे। विभिन्न विभागों की झांकियां इस समारोह में आकर्षण का केंद्र रहेंगी। जिला प्रशासन ने समारोह के लिए सभी



जेपी दलाल (मुख्य अतिथि)

तैयारियां पूरी कर ली हैं। राजीव गांधी खेल परिसर में समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री जेपी दलाल बतौर मुख्यातिथि सुबह 10 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। परेड का नेतृत्व डीएसपी संदीप कुमार करेंगे। परेड में 9 टुकड़ियां शामिल होंगी, जिनका मुख्यातिथि द्वारा खुली जीप में सवार होकर निरीक्षण किया जायेगा। इसके उपरांत मुख्यातिथि जिलावासियों के नाम संदेश देंगे। परेड़ में शामिल टुकड़िया भव्य मार्च पास्ट में हिस्सा लेती मुख्य मंच के सामने से गुजरेगी, जिनकी सलामी मुख्यातिथि लेंगे।

### 3,000 छात्र सामूहिक पीटी शो में लेंगे भाग

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विद्यालयों के 3 हजार विद्यार्थी सामूहिक पीटी शो में भाग लेंगे तथा 8 सांस्कृतिक टीमों द्वारा देशभक्ति एवं प्रदेश की समृद्ध संस्कृति की झलक बिखेरते कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएगे। विभिन्न विभागों की उन्नति को प्रदर्शित करती झांकियां इस समारोह में आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसके उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह होगा तथा राष्ट्रीय गान के साथ यह समारोह सम्पन्न होगा।

### नाकाबंदी की जाएगी

सुरक्षा के चलते राजीव गांधी खेल परिसर को पुलिस छावनी बनाया गया है। आयोजन स्थल के बाहर सड़क मार्ग पर नाकाबंदी की जाएगी। इसके अलावा शहर के सार्वजनिक स्थलों बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित अन्य जगहों पर बम निरोधक दस्ते ने निरीक्षण किया। टीमों ने होटल, धर्मशाला खंगाले। वाहनों की चेकिंग के लिए भी अभियान चलाए गए। एसपी हिमांशु गर्ग ने सभी एसएचओ, पीसीआर राइडर को अपने एरिया में चेकिंग अभियान चलाने के आदेश दिए हुए हैं।

# मदवि एडमिशनः 20 फरवरी तक करें ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) ने इंटरमीडिएट विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सत्र 2024 में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए प्रवेश सूचना जारी कर दी है। प्रवेश के लिए बिना विलंब शुल्क के 20 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। सीडीओई निदेशक प्रो. नसीब सिंह गिल ने बताया कि इंटरमीडिएट विद्यार्थी शैक्षणिक सत्र 2024 में सीडीओई के पाठ्यक्रमों- बीए द्वितीय वर्ष (तीसरे व चौथे सेमेस्टर) तथा तृतीय वर्ष (पांचवें व छठे सेमेस्टर), बी.कॉम द्वितीय वर्ष (तीसरे व चौथे सेमेस्टर) तथा तृतीय वर्ष (पांचवें व छठे सेमेस्टर), एमए- अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, लोक प्रशासन, अर्थशास्त्र, इतिहास, पत्रकारिता एवं जनसंचार द्वितीय वर्ष (तीसरे व चौथे सेमेस्टर) के लिए किया जा सकता है। प्रो. गिल ने कहा कि एम.लिब द्वितीय वर्ष (तीसरे व चौथे सेमेस्टर), एम.कॉम द्वितीय वर्ष (तीसरे व चौथे सेमेस्टर), एमएससी गणित द्वितीय वर्ष (तीसरे व चौथे सेमेस्टर), ऑनलाइन मोड पाठ्यक्रमों- एमएससी गणित तथा एम.कॉम के द्वितीय वर्ष (तीसरे व चौथे सेमेस्टर) में एडमिशन के लिए आगामी 20 फरवरी तक बिना विलंब शुल्क के ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। तदुपरांत 10 मार्च तक एक हजार रुपए विलंब शुल्क के साथ, 20 मार्च तक दो हजार रुपए विलंब शुल्क के साथ तथा 31 मार्च 2024 तक तीन हजार रुपए विलंब शुल्क के साथ एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

### ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश अजय कुमार ने एचएसआईआईडीसी की कुताना औद्योगिक सम्पदा की मुस्तकिल भूमि संख्या 23 के कब्जा कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। जारी आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा पुलिस बल के प्रभारी निरंतर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के सम्पर्क में रहेंगे।


















### दो युवकों को अवैध हथियार सहित पकड़ा

**रोहतक।** पुलिस ने दो युवकों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश करके पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। गश्त के दौरान मोबाइल की दुकान के बाहर बैठे दो युवकों को शक के आधार पर काबू किया गया। युवकों की पहचान जतिन उर्फ गोलू व आशीष उर्फ बाली निवासी जसिया के रूप में हुई है।

### मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने जसबीर कॉलोनी में हुई मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। गांव धामड निवासी अमन की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। 22 जनवरी को अमन जसबीर कॉलोनी में आया हुआ था। बाइक को जेपी प्लॉजा गली में खड़ी की थी। अमन को बाइक नहीं मिली। जांच के दौरान आरोपी अरविंद निवासी रिढाउ सोनीपत को गिरफ़्तार किया गया है।




## खबर संक्षेप

### हरियाणा पुलिस के एएसआई का निधन

**रोहतक।** हरियाणा पुलिस के एएसआई राजेश राठी का निधन हो गया है। प्रेम नगर निवासी राठी इन दिनों सोनीपत पुलिस में डायल 112 पर तैनात थे। उनकी तेरहवीं की रस्म 28 जनवरी को प्रेम नगर स्थित आवास पर होगी। उन्हें इलाज के लिए गुरूग्राम स्थित मेदांता में दाखिल कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। राजेश राठी पूर्व में रोहतक सीआईडी में भी तैनात रहे। उन्हें हरियाणा पुलिस में कार्यकुशलता के लिए जाना जाता है।

### दर्जनों भर्तियां हाईकोर्ट में अटकी : जगवीर हुड्डा

**रोहतक।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश सह सचिव जगवीर हुड्डा ने वीरवार को प्रदेश में बेरोजगारी और युवाओं की हो रही अनदेखी को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा आज हरियाणा के युवा हताश हैं और रोजगार के लिए तरस रहे हैं। सरकार ने कहा था कि सीईटी का टेस्ट बनाएंगे, इससे भर्ती प्रक्रिया आसान हो जाएगी। लेकिन जब से ये फॉर्मेट लागू हुआ है तब से एक भी भर्ती पूरी नहीं हुई है।

### जाट कॉलेज में मतदाता दिवस पर दिलाई शपथ

**रोहतक।** अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय में वीरवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शिक्षकों व गैर शिक्षक कर्मचारियों को प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने लोकतंत्र में अपनी भूमिका निभाने के लिए मतदान करने की शपथ दिलाई। प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान की भूमिका प्रमुख है और प्रत्येक मतदाता निष्पक्ष निर्भीक जाति वर्ग और धर्म से ऊपर उठकर अनिवार्य रूप से मतदान करें।

### छात्रों ने सुना प्रधानमंत्री का लाइव संदेश

**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. संतोष हुड्डा ने की। इस दौरान कॉलेज विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण लाइव सुना। लाइव प्रसारण कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि का महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्या ने द्वारा स्वागत किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जांगड़ा ने मतदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

### नुक्कड़ नाटक से लोगों को जागरूक किया

**रोहतक।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में वीरवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग ने जागरूकता रैली निकाली तथा वोट बनने तथा वोट का अधिकार इस्तेमाल करने की प्रेरणा देते हुए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। मतदाता जागरूकता रैली का शुभारंभ सामाजिक विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सेवा सिंह दहिया तथा राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजेन्द्र शर्मा ने किया।

### पुलिस ने मनाया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**रोहतक।** पुलिस कार्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक सभागार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। एसपी हिमांशु गर्ग ने कार्यालय पुलिस अधीक्षक में तैनात सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई और राष्ट्रीय मतदाता दिवस के बारे में अवगत कराया। एसपी ने बताया कि इस साल 14 राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया।

### समाज में असमानताएं बढ़ीं : प्रो कुंडू

**रोहतक।** संपोषणीय विकास सुनिश्चित करने के लिए पर्यावरणीय संरक्षण तथा समावेशी सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था जरूरी है। इस संबंध में शिक्षा समावेशी विकास की कूंजी है। कुरुक्षेत्र विवि के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर ऐमीरेट्स डॉ. टीआर कुंडू ने वीरवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्याल के चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनोमिक चेंज के तत्वावधान में-संपोषणीय विकासः चुनौतियों एवं विकल्प पर विशिष्ट व्याख्यानमाला में व्यक्त किए।

---

चिकित्सा पेशेवरों की अटूट प्रतिबद्धता का दिया प्रमाण

# ट्रेन दुर्घटना में छाती फटी, पसलियां टूटी, फेफड़ा व दिल बाहर निकले पीजीआई के डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर मौत के मुंह से बचाया मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीजीआईएमएस रोहतक के चिकित्सकों ने एक बार फिर से मौत के मुंह में जा चुके मरीजों को नया जीवनदान देकर दिखा दिया कि क्यूं समाज में चिकित्सक को भगवान का दर्जा दिया जाता है। मरीज को नया जीवन दान देने का कारनामा कार्डियक सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी विभाग के चिकित्सकों की टीम ने कार्डियक एनेस्थिसिया व हड्डी रोग विभाग की टीम के साथ मिलकर किया है। मरीज के बारे में जानकारी देते हुए पीजीआई के निदेशक एवं कार्डियक सर्जन डॉ. एसएस लोहचब ने बताया कि गत दिवस एक अज्ञात व्यक्ति पानीपत में एक गंभीर ट्रेन दुर्घटना का शिकार हो गया था, जिसे पुलिस काफी गंभीर हालत में लेकर ट्रॉमा सेंटर पहुंची।

### निदेशक डॉ. एसएस लोहचब ने दी जानकारी

जांच करने पर चिकित्सकों ने पाया कि उसकी छाती सीधी फटी हुई थी, बायीं तरफ की पसलियां पूरी तरह से टूटी हुई थीं और उसका फेफड़ा और दिल एक बड़े गैप से बाहर निकला हुआ था। आघात छाती और पेट के ऊपर की त्वचा के खराब होने तक बढ़ गया, साथ ही मस्तिष्क में हेमेटोमा भी हो गया। ऐसे में चिकित्सकों ने देखा की मरीज के बचने की संभावना नहीं के बराबर है फिर भी मरीज को तुरंत कार्डियक सर्जरी विभाग रेफर किया गया। जहां पर कार्डियक सर्जन डॉ. एसएस लोहचब ने अपने साथ कार्डियक एनेस्थिसिया की डॉ. गीता, ओर्थो सर्जन डॉ. राज सिंह, प्लास्टिक सर्जन डॉ. अभिषेक को टीम में शामिल कर मरीज का आपरेशन शुरू किया। मरीज की हालत बहुत ज्यादा खराब थी। ऐसे में बहुत ज्यादा सटीकता के साथ आपरेशन किया गया नहीं तो मरीज की जान जा सकती थी।



### दस घंटे चला ऑपरेशन, तब बची जान

करीब 10 घंटे चले आपरेशन में व्यापक चोटों के कारण टाइटेनियम कृत्रिम पसलियों का उपयोग करके पूरे बाईं ओर की पसली के केज के पुनर्निर्माण की आवश्यकता पड़ी और मरीज का सफल आप्रेशन हुआ। डॉ. लोहचब ने बताया कि यह उपलब्धि हरियाणा सरकार व कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना द्वारा अस्पताल में उपलब्ध कराए गए संसाधनों से संभव हो पाई है।

### सोमवार को आया मरीज को होश तो बुलाए परिजन

उन्होंने बताया कि प्रारंभ में बेहोश अवस्था में होने के चलते मरीज अज्ञात था और उसे सोमवार रात को उसे होश आया तो उसने अपना नाम साझा किया, जिससे कार्डिएक सर्जरी आईसीयू में मेडिकल स्टाफ में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने तुरंत उसके परिजनों को मरीज के बारे में बताया। डॉ. लोहचब ने बताया कि रोगी गंभीर अवस्था से बाहर आ गया है, संक्रमण की रोकथाम और घावों के शीघ्र उपचार के लिए निरंतर देखभाल उनकी टीम द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह अपनी तरह का पीजीआईएमएस में एक पहला केस था, जिस पर चिकित्सकों ने सफलता पाई है।

### कुलपति ने दी डॉक्टर्स की टीम को बधाई

कुलपति प्रोफेसर अनीता सक्सेना ने अटूट सर्मपण के साथ कार्य करने वाली इन डॉक्टरों की टीम को हार्दिक बधाई दी, जिनके अथक प्रयासों और विशेषज्ञता ने कठिन चुनौतियों का सामना कर मरीज को नया जीवनदान दिया। यह विजयी कहानी सभी बाधाओं के बावजूद जीवन की रक्षा करने में पीजीआईएमएस रोहतक में चिकित्सा पेशेवरों की अटूट प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में खड़ी है।

---

किसान ने हाईकोर्ट की याचिका से रुकवाया कार्य

# निगम की अंधेरगर्दी, 51 लाख खर्च कर हुडा ग्रीन बेल्ट को श्मशान बना डाला

- सरकार के लाखों रुपये निगम ने डाल दिए कुएं में

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** हुडा की जमीन पर नगर निगम द्वारा बनवाई गई चारदिवारी।

गांव गढ़ी माजरा के किसान मनजीत नांदल ने नगर निगम रोहतक की बेहद ही अंधेरगर्दी का मामला उजागर किया है। इन्होंने कहा कि उनके खेत के साथ लगती हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की जमीन पर नगर निगम ने श्मशान बना दिया है। यह जमीन रोड के बिल्कुल साथ है। श्मशान केवल कागजों में ही नहीं बल्कि इसके लिए बकायदा निगम ने निविदाएं आमंत्रित की। इन्होंने बताया कि निगम ने 18 अगस्त 2023 को एसआर कंट्रक्शन कंपनी को 50 लाख 74 हजार 456 रुपये का काम अलॉट किया। इस अलॉटमेंट में फर्म को वार्ड नंबर दस के गांव गढ़ी माजरा में 21 दिसंबर 2023 तक श्मशान घाट का निर्माण करवाना था। फर्म ने काम शुरू किया और चारदिवारी बना दी। चारदिवारी बनने पर उसके खेत का रास्ता बंद हो गया। ऐसा किसान मंजीत का कहना है। इन्होंने कहा कि इसके बाद मैंने जमीन की मिल्कियत के बारे में पता किया तो जानकारी मिली कि इसका जिस जमीन पर चारदिवारी और श्मशान के शेड बनाए जा रहे हैं, उसका मालिकाना हक तो हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण रोहतक का है।

इसके बाद किसान हाईकोर्ट में याचिका दायर की। न्यायालय ने निर्माण पर रोक लगाई। फिलहाल काफी दिनों से काम रोक दिया गया है। मंजीत ने बताया कि जिस जमीन पर नगर निगम ने अपनी आंखें पूरी तरह से बंद करके लाखों रुपये से श्मशान घाट बनवाने का काम शुरू किया है, साल जमाबंदी 2018-19 के मुताबिक मौजा बोहर, खेवट नंबर 2521,10, ठोला लधान पाना, खसरा नंबर 396, रकबा 24 कनाल, सेक्टर-27 के विकास के लिए अर्जित की गई थी। जिसका मालिकाना हक अब हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के नाम है। किसान ने कहा कि अभी तक इस रकबे का मुआवजा किसी को भी नहीं दिया गया है। चूंकि जमीन ठोला पाना की थी, ऐसे में हो सकता है कि अब निगम को इसका मुआवजा मिले।

### मुआवजे की फाइल इधर से उधर : मंजीत



मंजीत ने कहा कि मुआवजे को लेकर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और नगर निगम की फाइलें इधर से उधर जा रही हैं। इन्होंने कहा कि अगर मैंने हाईकोर्ट में याचिका न डाली होती तो निगम कब दूसरे विभाग की जमीन पर श्मशान बनवा देता। मंजीत ने निगम की प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या अधिकारियों को ये भी पता नहीं होता है कि उनकी जमीन कौनसी है और कौनसी नहीं। इन्होंने कहा कि पूरे मामले की मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने व्यक्तिगत रूचि लेते हुए उच्च स्तरीय जांच करवानी चाहिए। क्योंकि जिला स्तर के अधिकारी निगम के अफसरों को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। क्योंकि अफसरों ने बड़ी प्रशासनिक गलती की है।

### नगर निगम अब फर्म पर गिराएगा गाज

मंजीत ने कहा कि श्मशान निर्माण की पूरी गाज अब निगम निगम उस फर्म पर डालेगा, जिन्होंने ठेका लिया हुआ है। निगम यह कहकर पल्ला झाड़ने की कोशिश में है कि ठेकेदार ने गलत साइट पर शेड निर्माण का काम शुरू कर दिया था। ध्यान रहे कि सरकारी पैसा किसी भी कार्य पर ऐसे ही नहीं लगाया जा सकता है।

किसान का कहना है कि जब किसी भी फर्म को काम अलॉट किया जाता है तो इसके पूरे दस्तावेज पहले ही तैयार करके अनुबंधित फर्म को दिए जाते हैं। साइट भी निगम को बतानी होती है। कितनी जगह में कौन कौन से निर्माण करवाने हैं, ये सब कुछ दस्तावेजों के रूप में बताया जाता है।

---

# महिला महाविद्यालय में कर्तव्य बोध दिवस मनाया



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता सुभाष आहूजा ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ हरियाणा (महाविद्यालय शिक्षा) का कर्तव्य बोध दिवस राजकीय महिला महाविद्यालय में मनाया गया। जिसमें सुभाष आहूजा मुख्य वक्ता और प्राचार्या सविता परुथी मुख्य अतिथि के रुप में रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ने सुभाष आहूजा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद बालिका विनती ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इसके उपरांत प्राचार्या सविता परुथी ने मुख्य वक्ता का परिचय दिया। कर्तव्य बोध हम सभी को होता ही है परंतु फिर भी हम उसको बार बार ध्यान करते हैं जिससे वह कार्य हमारे विचार में शामिल हो जाए। इसके उपरांत संगठन परिचय डॉ पुष्प दीप डागर ने किया। इसके उपरांत सुभाष आहूजा ने कर्तव्य बोध दिवस पर विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सह प्राचार्य सविता टाकरान, किरन शर्मा, सुमन, एकता, रेणु, पूजा रानी, बसंत, योगेश, प्रदीप कुमार दुहन, निशांत सैनी, राकेश कुमार और समस्त महाविद्यालय परिसर के शिक्षक बंधुओ की उपस्थित रहे। मंच संचालन एकता ने किया।

### एसजेके कॉलेज में मनाया मतदाता दिवस



**रोहतक।** सत जींदा कल्याणा महाविद्यालय कलानौर में बृहस्पतिवार को वोटर अवेयरनेस प्रकोष्ठ के तत्तवावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। जिसके अर्न्तगत एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. सतीश नरवाल ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई। उन्होंने वोट के महत्व पर प्रकाश डाला और युवाओं को चुनावी प्रक्रिया में मतदान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने इस साल के थीम नथिंग लाइक वोटिग आई फार वोट "योर के बारे में विचार किया तथा मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों को मतदान करने के लिए डॉ. सुमन ने शपथ भी दिलवाई। इस मौके पर संयोजक डॉ. सतीश नरवाल, डॉ. सुमन, हरीश चन्द्र, उर्मिल दलाल, डॉ. रीतुलाल, डॉ. शालिनी शर्मा, डॉ. विकास कुमार व डॉ. पूनम आदि मौजूद रहे।

### मतदाता दिवस पर शपथ दिलवाई

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन में प्राचार्या डॉ. तरुणा मल्होत्रा की अध्यक्षता में इलेक्ट्रोल क्लब की संयोजिका डॉ. मधु साहनी व टीम सदस्य डॉ. सुदेश व डॉ. मोनिका द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया । प्राचार्या डॉ. तरुणा मल्होत्रा ने विद्यार्थियों को बताया कि राष्ट्रीय मतदाता 2024 में लोगों को उम्र, लिंग, जाति या अन्य विशेषताओं की परवाह किए बिना चुनाव में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। प्राचार्या ने स्टूडेंट्स व स्टाफ सदस्यों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ दिलवाई कि वह अच्छे वोटर बनकर देश को आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर डॉ. ज्योति आहूजा, डॉ. प्रीती दहिया, डॉ. निधि, डॉ. कमलेश ढुल, मीनू गुप्ता, डॉ. अंजू सचदेवा, ज्योति गोयल, सुदेश, पूजा, दिनेश, डॉ. राखी, डॉ. मोनिका, मनजीत, साहिल, राहुल, पूजा, सीमा, सुमित, सुनीता, ललिता मौजूद रहे।

# सीएम के दौरे के बाद महम के विकास कार्यों में आएगी तेजी

**महम।** महम नगर पालिका के वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर ने कहा है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दौरे के बाद महम शहर के विकास कार्यों में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री ने निकाय विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि वे शहर के विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार करके उनके पास भेजें। साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी कहा था कि यहां के जनप्रतिनिधि जो भी मांगें उनके पास भेजेंगे वे सभी मांगें प्रदेश सरकार द्वारा पूरी की जाएंगी। कहा था कि जो काम जिला स्तर या उपमंडल अथवा ब्लॉक स्तर पर पूरे हो सकते हैं, उनको पूरा किया जाए। प्रदेश सरकार के लेवल के कार्य प्रदेश सरकार करेगी। महम के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। डिप्टी चेयरमैन बसंत लाल गिरधर ने कहा है कि उन्हें लगता है कि संबंधित विभागों के अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेशों की पालना करेंगे और जल्द ही शहर में विकास कार्य होते हुए दिखाई देंगे। जिससे शहर का विकास हो सकेगा। महम के बस स्टैंड, रिहायशी सेक्टर, पेयजल आपूर्ति और मेडिकल की सुविधाओं पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है।



**बसंत लाल गिरधर**
वाइस चेयरमैन, नपा महम।

### कर्मचारियों को वोट का महत्व बताया

**रोहतक।** पोस्ट ग्रेजुएट इंसट्यिूट ऑफ मेडिकल सांईसिंज के निदेशक कार्यालय में वीरवार को नेशनल वोटर डे मनाया गया। मुख्यअतिथि के रूप में निदेशक डॉ. एसएस लोहचब ने निदेशक कार्यालय में दर्जनों कर्मचारियों को वोट के महत्व के बारे मे बताया व सभी को वोट डालने की शपथ दिलवाई। निदेशक डॉ. एसएस लोहचब ने कहा कि नेशनल वोटर्स डे मनाने का मकसद है कि लोगों को वोट के महत्व के प्रति जागरूक किया जा सके। वोट करना हमारा मौलिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि किस्मत वालों को ही वोट डालने का मौका मिलता है और प्रत्येक वोट का महत्व होता है। एक वोट ही ऐसा माध्यम है जिससे हम सच्चा और ईमानदार नेता चुनकर अपने देश का बेहतर भविष्य बना सकते हैं।

---

# जॉन वेस्ले में मनाया गणतंत्र दिवस समारोह



**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीदों को नमन कर व राष्ट्रध्वज फहरा कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विषय अध्यक्ष, अध्यापकवृंद व बच्चों ने राष्ट्रगान गायन कर झंडे को सलामी दी। इस अवसर पर आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, देशभक्ति गीत मेरा मुल्क मेरा देश मेरा ये वतन तथा दंगल-दंगल जैसी प्रस्तुतियों ने सभी को देशप्रेम रस से सराबोर कर दिया। छात्रों ने अपने जोशीली कविता, भाषण वाचन आदि प्रस्तुतियां देकर देश की धरोहर संभालने का प्रण लिया। हरियाणा के खेल विजेताओं नीरज चोपड़ा, साक्षी मलिक का किरदार निभाते बच्चों ने रंगबिरंगी पोशाकों में नृत्य कर भारत की समृद्धि, शांति व खुशहाली का गुणगान कर देश के प्रति निष्ठा और भक्ति का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश का सम्मान करने व अपने कर्त्तव्यों का पालन करने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपप्रचार्या मशेंका के साथ रितू, रेखा, हर्ष, सीमा, किरन, विन्नी, ज्योति, कृष्णा, उषा, संदीप राठी, सागर, वीरेंद्र, राहुल मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री ने नवमतदाता सम्मेलन के जरिये दिया युवाओं को संदेश : नांदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नमो नवमतदाता सम्मेलन को वर्चुवली सम्बोधित किया। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के सभागार में इस संवाद को सैकड़ों विद्यार्थियों ने सुना। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी पं. लोकेश शर्मा नें जानकारी देते हुए कहा कि जिलेभर में 8 स्थानों पर भाजपा ने नमो मतदाता सम्मेलन को विद्यार्थियों के साथ सुना। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, पं. नेकीराम शर्मा महाविद्यालय, श्रीलाल नाथ हिन्दु महाविद्यालय, आईटीआई कलानौर, लाखनमाजरा महाविद्यालय महम महाविद्यालय, गौड़ ब्राहम्ण डिग्री कालेज और राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय सांपला में भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन ढुल की अध्यक्षता में सुना गया। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में बतौर मुख्यअतिथि प्रदेश उपध्यक्ष भाजपा सतीश नान्दल ने युवाओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऐसे सम्मेलन से मतदान प्रतिशतता बढ़ेगी। देश में किसी प्रधानमंत्री ने पहली बार देश में नममतदाताओं कार्यक्रम करके युवाओं को प्रोत्साहित किया है बहुत सारी बातें बताई ऐसी बातें बताई गई जिनसें युवाओं को प्रोत्साहन मिला है। ऐसे कार्यक्रम से प्रभावित होकर युवा एक अच्छे आदमी को चुनकर आगे भेजने का काम करेंगें और देश-प्रदेश के सुखद परिणाम आएंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा, प्रदेश महामंत्री संगठन फनीन्द्रनाथ शर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा रणबीर ढाका, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन ढुल, मेयर मनमोहन गोयल, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, पं. विजय कुमार बृजवासी, प्रोफेसर मदन गोपाल गोयल, राधा अहलावत, अजय बंसल, सुरेश किराड़, नरेन्द्र खट्टर, संचित नान्दल के अलावा सुरजमल किलोई और बलबीर रंगा भी मौजूद रहे।

---

लंबित मांगों को लेकर गांवों में चलाया अभियान

# समारोह के बाद किसान निकालेंगे ट्रैक्टर परेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



किसान सभा ने ट्रैक्टर परेड के लिए वीरवार को गांवों में चलाया अभियान शुक्रवार को किसान गणतंत्र दिवस पर सरकारी कार्यक्रम के बाद अपने ट्रैक्टरों से परेड निकालेंगे। ट्रैक्टर मार्च अनाज मंडी से शुरू होकर दिल्ली बाई पास तक होगा। किसान सभा जिला प्रधान प्रीत सिंह ने बताया की संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने किसानों के लंबित मुद्दों को लेकर जिसमें एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी का कानून बनाने,बिजली संशोधन कानून रद्द करने,लखीमपुर खीरी के शहीद किसानों को न्याय देने ,कर्जा मुक्ति करने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानो की लूट पर रोक लगाने की मांगों को लेकर देश के 500 जिलों में ट्रैक्टर परेड का आह्वान किया है । शुक्रवार की परेड में मजदूर संगठन भी हिस्सा लेंगे।ये दावा किसान नेता प्रीत सिंह का है। किसान सभा महासचिव सुमित दलाल ने बताया रोहतक में ट्रैक्टर परेड के लिए 50 से ज्यादा गावों में जन जागरण अभियान चलाया गया है। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे तक किसान अनाज मंडी में एकत्रित होंगे। वहां से भिवानी चुंगी,पुराना बस स्टैंड , चौधरी छोटूराम चौक,अंबेडकर चौक,मानसरोवर पार्क, मेडिकल मोड़ से दिल्ली बाईपास पर समापन होगा। किसान मोर्चा ने शहर के लोगों , जनसंगठनों, सामाजिक संगठनों, छात्र, महिला और युवा संगठनों से परेड को सफल बनाने और शामिल होने की अपील की है। दलाल बोले कि परेड में किसानो के ट्रैक्टर,गाडियां,और बाइक शामिल होंगी। किसान सभा ने प्रशासन से भी यातायात को सुगम बनाने के लिए सहयोग की अपील की है ।

### दीपेंद्र हुड्डा ने सरकार द्वारा नौकरी देने के दावे पर उठाया सवाल

**रोहतक।** राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा का कहना है कि रोजगार के हवा-हवाई दावे करके बीजेपी-जेजेपी सरकार लगातार हरियाणा के पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं के जख्मों पर नमक छिड़क रही है। सांसद दीपेंद्र मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा साढ़े 9 साल में 30 लाख रोजगार देने के दावे पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। दीपेंद्र ने कहा सरकार को बताना चाहिए कि उसने कब 30 लाख पदों के लिए फॉर्म निकाले, कब पेपर या इंटरव्यू हुए और कब जॉइनिंग लेटर जारी किए गए। दीपेंद्र हुड्डा खिड़वाली (किलोई) समेत जिले में कई धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत करने पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बीजेपी-जेजेपी ने हरियाणा को देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी वाला राज्य बना दिया है। सीएमआईई के साथ-साथ प्रदेश और केंद्र सरकार की रिपोर्ट भी इसकी तस्दीक कर चुकी है।

## टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को विश्व टीबी दिवस पर किया जाएगा सम्मानित

# 15 फरवरी को मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



उपमंडलाधीश विवेक आर्य ने कहा कि कृमि नाशक दवा का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगर 15 फरवरी को किसी कारणवश कोई बच्चा दवा की डोज लेने से वंचित रह जाता है तो उसे 20 फरवरी को मॉप अप डे पर यह दवाई खिलाई जाए। इस बार जिला में 1 से 19 साल तक के 3 लाख 76 हजार 742 चिन्हित बच्चों को एवं 19 से 24 साल की 29302 महिलाओं को यह दवाई खिलाई जाएगी।

उपमंडलाधीश विवेक आर्य स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों के जिला एवं खंड स्तर के अधिकारियों को आगामी 15 फरवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाना है। पेट में कीड़े होने की वजह से बच्चों में एनीमिया, भूख नहीं लगना, पेट में दर्द की शिकायत रहती है।


### सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू सेवन पर है चालान

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय तंबाकू निषेध कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू का सेवन रोकने के लिए चालान किए जाएं। शिक्षा विभाग को भी स्कूलों को तंबाकू मुक्त करवाने के लिए चेकलिस्ट भिजवाने के लिए कहा।

इस अवसर पर नगराधीश मुकुंद तंवर, डीएसपी रवि खुंडिया, सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला, उप सिविल सर्जन डॉ. राजबीर सभ्रवाल, डॉ. डिम्पल, डॉ. अनुपमा मित्तल, डॉ. अंजली अरोड़ा, डॉ. सानू वर्मा, डॉ. सोनल डोगरा, डॉ. सुशीला, सभी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, सुरेश भारद्वाज, रेनू कंबोज आदि उपस्थित रहे।

### 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य

उपमंडलाधीश विवेक आर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रदेश को 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य है। सरकार की योजना के तहत टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को चिन्हित कर विश्व टीबी दिवस पर पुरस्कृत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी की पुनः तिथि 30 जनवरी से 13 फरवरी 2024 तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा 30 जनवरी को कुष्ठ रोग निवारण दिवस पर सभी ग्राम पंचायतों की ओर से ग्राम सभा, स्वास्थ्य केंद्रों व स्कूलों में कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने के लिए शपथ दिलवाई जाएगी। बैठक में चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशीला वर्मा ने बताया कि वयस्क बीसीजी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु के टीबी मरीजों के सम्पर्क में रहने वाले व्यक्तियों को टीबी से बचाव के लिए टीके लगाए जाएंगे।



## पेंटिंग कलाकार ने मदवि के कुलपति को भेंट की पेंटिंग

**रोहतक।** पेंटिंग कलाकार सदाराम ने मदवि के कुलपति राजबीर सिंह से मुलाकात कर उन्हें उनकी एक पेंटिंग भेंट की। गौरतलब है कि 72 वर्षीय कलाकार सदाराम अब तक लगभग 750 पेंटिंग बनाकर राष्ट्रीय नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों को भेंट कर चुके हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, ज्ञानी जैल सिंह, पूर्व राज्यपाल जगन्नाथ पहाड़िया, बाबू परमानंद, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, लोकसभा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा, प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल, भजनलाल और भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पूर्व कुलपति हरद्वारी लाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों को पेंटिंग बना कर भेंट की है। कलाकार सदाराम देश-विदेश में भी अपनी कला का लोहा मनवा चुके हैं। उनकी कलाकृतियों ने समाज में भाईचारे की अमिट पहचान बनाई है। चंडीगढ़ से फाइन आर्ट की डिग्री हासिल करने वाले कलाकार सदाराम कई स्कूल और कॉलेजों में फाइन आर्ट्स के शिक्षक की भूमिका भी निभा चुके हैं। उन्होंने बताया कि वे जल्द ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भी उनकी एक पेंटिंग बना कर भेंट करेंगे। उनकी कला के लिए अनेक राज्य सरकारों द्वारा उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। हरियाणा सरकार ने उन्हें वरिष्ठ कलाकार के रूप में 50000 रुपये की राशि भेंट कर सम्मानित किया है। महाराष्ट्र सरकार द्वारा भी वर्ष 2018 में उन्हें नटराज अवार्ड से नवाजा जा चुका।

## 24 घंटे रिले मैराथन करेंगे बच्चे



**रोहतक।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या से नमन रोलर स्केटिंग अकेडमी के नन्हे मुन्ने बच्चे रिले मैराथन करते हुए 24 घंटे स्केटिंग करेंगे। यह बच्चे चार बुक में अपना रिकॉर्ड दर्ज करेंगे। नमन के स्केटर्स इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, बेस्ट ऑफ इंडिया रिकॉड्र्स, ग्लोबल रिकॉड्र्स, चिल्ड्रन रिकॉड्र्स में अपना नाम दर्ज करवा लेंगे।



## मतदाता दिवस पर प्रधानमंत्री ने किया मतदाताओं को वर्चुअली संबोधित

रोहतक। 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नमो नव मतदाता सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश के लोकतंत्र की मजबूती के लिए बुद्धिमत्ता पूर्वक अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। निर्वाचन विभाग ने श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज के कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर व जिला प्रशासन की ओर से अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश मुकुंद तंवर ने पहली बार मतदाता बने युवाओं को बढ़-चढ़कर मतदान करने का आह्वान किया। एडीसी ने कहा कि लोकतंत्र जनता के द्वारा तथा जनता के लिए शासन है। उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं से मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार ने स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित जिला व खंड स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। नगराधीश मुकुंद तंवर ने कार्यक्रम में मौजूद नए मतदाताओं से आगामी चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा, प्रबंधन समिति के उप प्रधान अश्वनी खुराना, जिला निर्वाचन तहसीलदार सुरेंद्र हुड्डा, अंजू देशवाल, डॉ. संदीप कुमार व डॉ. रजनी सहित आदि उपस्थित रहे।

### प्रश्नोत्तरी में सीआर कालेज रहा प्रथम

**रोहतक।** मदवि के शिक्षा विभाग में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम स्थान पर सीआर कालेज ऑफ एजुकेशन की टीम-दिव्या, एकता कुमारी व आदित्य ने प्रथम, गौड़ ब्राहण शिक्षण महाविद्यालय की टीमें- कीर्ति, प्रीति व विद्या और पारूल, दिव्या व मल्लिका तथा वैश्य कालेज ऑफ एजुकेशन की टीम- शिक्षा, नेहा, सोनम संयुक्त रूप से दूसरे स्थान तथा यूटीडी के शिक्षा विभाग की टीम- गुरदीप, निधि व इंदू तीसरे स्थान पर रहे।

**अदालती ईश्तहार**

**न्यायालय श्री राजेश कुमार सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, कलानौर।**

इस अदालती ईश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुकदमा भलेराम बनाम सतीश कुमार आदि बाबत तकसीम खेवट न0 527//501 खतौनी न0 632 व खेवट न0 755//711 खतौनी न0 885, मुस्तील व किला न0 93//22(8-0), 23(8-0), 101//2(8-0), 3(7-7), 4(5-8), 5(2-8) a94//1(8-0), 2/1(4-0), कुल रकबा 51 कनाल 3 मरले वाका मौजा मांझा तहसील कलानौर जिला रोहतक इस न्यायालय मे लम्बित है। प्रतिवादी 6. चमेली विधवा 7. सुरेश 8. राजपाल 9. धर्मपाल पुत्रान ओमप्रकाश पुत्र जयचन्द सभी निवासीगण गांव सांगाहेडा तह0 कलानौर जिला रोहतक को बजरिये समन तलब किया जा चुका है परन्तु प्रतिवादी हाजिर अदालत नहीं आ रहा हैं। न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि प्रतिवादी की तलबी साधारण तरीके से नहीं हो पाई हैं इसलिए प्रतिवादी की तलबी बजरिये अखबारी ईश्तहार की जानी उचित है। अतः इस नोटिस द्वारा प्रतिवादी व आम जनता को सूचित किया जाता है कि वादग्रस्त भूमि में हितबध्द प्रतिवादी या अन्य कोई व्यक्ति इस ईश्तहार के प्रकाशन तिथि से एक महीने कि अवधी के अन्दर-2 इस न्यायालय में स्वयं या अपने वकील के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकता है। हाजिर ना आने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। अतः 18-01-2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय से जारी किया गया है।

सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, कलानौर।

S.R.S. SR. SEC. SCHOOL
Affiliated C.B.S.E. New Delhi (Code No. 530323)
The Best Way to Predict The Future is to Create it
श्रीमती निर्मल शर्मा
डायरेक्टर
आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Delhi Road Rohtak
Contact for 9992700641, 9896302035 01262-343866, 9992700642

ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल, दत्तौड़
& KIDS CASTLE MAIN BAZAR, SAMPLA
Affiliated to C.B.S.E. | E-mail : askaushik9@gmail.com M. 9050141414
WISH YOU A VERY HAPPY Republic Day
ADMISSION OPEN
SESSION 2024-25
अतर सिंह कौशिक
संतोष कौशिक

आरती भट्ठा कम्पनी
की ओर से सभी प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनूप सिंह दहिया
पूर्व जिला अध्यक्ष : भट्ठा एसोसिएशन, रोहतक
उप-प्रधान - हरियाणा भट्ठा एसोसिएशन
मीठे पानी की ईंटों के लिये सम्पर्क करें
हसनगढ़, रोहतक 9812568610

V.N. MEMORIAL PUBLIC SCHOOL
ISO : 9001:2000 Certified
(An English Medium Co-educational Sr. Sec. School)
(Affiliated to C.B.S.E. Delhi, School Code No. 530345)
आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ADMISSION OPEN 2024-25
Opposite Tilyar Lake, Asthal Bohar, Rohtak-124021
Ph. : 8295774247

A BRANCH OF REPUTED CHANDIGARH SCHOOL
STEPPING STONES SCHOOL
SESSION 2024-25
ADMISSION OPEN
NO ADMISSION FEE FOR LIMITED PERIOD
PRE-NURSERY TO CLASS II
आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY Republic Day
Low Teacher Student Ratio (1:10)
Value Based Quality Education
Spl. Focus on Spoken English
Multi Intelligence Enabled Curriculum
Top Ranking School
SUNCITY HEIGHTS, SECTOR 36-A
Near Rajiv Gandhi Sports Complex, Rohtak
www.steppingstonesrohtak.com
864 095 1000, 946 835 9510

M.S. Saraswati Sr. Sec. School
(Affiliated to CBSE | Affiliation No- 530246)
Achieving Excellence Together...
Gymnasium Classes & All Facilities Free of Cost for Students of M.S. Saraswati Sr. Sec. School
Why Paying in Excess for Education Unnecessarily...
We Are Here...
Fully AC Class Rooms
WISH YOU A VERY HAPPY Republic Day
45 YEARS OF EXCELLENCE
ADMISSION OPEN
PRE-NURSERY TO 12TH CLASS
TOP CBSE RESULT, (ALL STREAMS)
FOR VISUAL TOUR OF SCHOOL
SESSION 2024-25
15% OFF on annual Charges for First 100 Admissions
Special Concession for Sports Achiever
WE PROMISE WE DELIVER...
Change the Trend, Be Educated, Be wise...
MR. HIMANK MITTAL DIRECTOR
MS. REETU PRINCIPAL
AGE GROUP 3-7 YEARS OLD COLOURING COMPETITION
AGE GROUP 7-13 YEARS OLD CALLIGRAPHY COMPETITION
ASSURED GIFTS TO ALL PARTICIPANTS
SPECIAL PRIZES FOR TOP 10 WINNERS
DATE: 28 JANUARY, 2024
TIME : 11.00 AM - 1.00 PM
VENUE : HUDA CITY PARK
NOTE - NO NEED TO BRING ANY STATIONARY
Add. :- GAUKARAN ROAD, SHORA KOTHI, MATA DARWAJA, ROHTAK
E-mail ID : saraswatirohtak@gmail.com M.S.Saraswati 7206129148, 9350866122

WISH YOU A VERY HAPPY Republic Day
मकान, दुकान, प्लाट व कृषि योग्य भूमि खरीदने व बेचने के लिए सम्पर्क करें।
KHATRI PROPERTY & ALLIED SERVICES PVT. LTD.
Ajit Khatri, Chairman
Spl. in : NOC Zone Industrial Zone & R-Zone
Deals in : All Kinds of Properties All Over India
H.O. : 49 KM Stone form Delhi, Sampla (Dist. Rohtak)
R.O. : T-5139 A, 1st Floor, Pusa Road, Karol Bagh, Near Metro Pillar No. 73, Delhi-5
M. : 09315877407, 09540041522
Website : www.khatriproperties.com, Email : khatriproperty2@gmail.com

सैक्स समस्यायें
M. 8689006190, 8708047093
मर्दाना ताकत, 7 दिन वाला कोर्स
नसों का ढीलापन अविकसित अंग धात, शीघ्रपतन, कम निल शुक्राणु स्त्री रोग, फिगर बनाएं
DR. K.K. SHOREN, B.A.M.S
जुनेजा मॉर्डन फार्मेसी
सैक्टर 2-3 पार्ट, 1866, नजदीक लिटल श्री स्कूल, रोहतक

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS Doctor 2
Nursing Staff 6
RMO 4
Computer Operator 1
Accountant 1
Gatekeeper 3
Sweeper 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## शहर में आज

- कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल गणतंत्र दिवस समारोह में सुबह 9:58 पर ध्वजारोहण करेंगे। इससे पहले कृषि मंत्री महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय स्थित राज्य स्तरीय युद्दध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- गणतंत्र दिवस पर नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा सुबह 9:30 बजें बेडकर चौक स्थित कांग्रेस भवन पर ध्वजारोहण करेंगे।

पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने अधिकारियों के साथ दौरा कर सुनीं समस्याएं

# कच्चा बेरी रोड की समस्याओं पर सियासत गरमाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कच्चा बेरी रोड पर गंदे पानी की निकासी, डेयरियों को शिफ्ट करने समेत अन्य समस्याओं को लेकर सियासत गरमा गई है। वीरवार को पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कच्चा बेरी रोड के दुकानदारों से मिलकर समस्याएं सुनीं और साथ आए अधिकारियों को समस्या निदान के आदेश जारी किए। वहीं कांग्रेस के विधायक बीबी बत्रा भी इसी एरिया में लोगों से मिलने पहुंचे और समस्याओं का समाधान न होने पर एक सप्ताह बाद धरना देने का अल्टीमेटम दे डाला।

पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर अधिकारियों के साथ दुकानदारों के साथ पहुंचे। उन्होंने समस्याओं के निपटारे के लिए नगर निगम और पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। दुकानदारों ने सीवरेज की समस्या के बारे में बताया। पूर्व मंत्री ने अधिकारियों को कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस तरह की लापरवाही सहन नहीं करेंगे। सभी दुकानदारों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाए।

### कच्चा बेरी रोड प्रमुख व्यापारिक केंद्र

इससे पहले, ग्रोवर कच्चा बेरी रोड पर पहुंचे और उन्होंने सीवरेज की समस्या को नजदीक से देखा। आसपास की डेयरी से आने वाले गोबर के पानी और बंद पड़े सीवरेज को देखा। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को लाइव तस्वीर दिखाई। दुकानदारों ने पूर्व मंत्री से आग्रह किया कि उनकी समस्याओं का निपटारा करवाया जाए। ग्रोवर ने कहा कि कच्चा बेरी रोड रोहतक का एक प्रमुख व्यापारिक व्यापारिक केंद्र हैं। यहां की जो भी समस्याएं हैं, उनका समाधान किया जाए। साथ ही आसपास की डेयरी से आने वाले गोबर और गंदे पानी के निपटारे के लिए ठोस योजना बनाकर जल्द से जल्द काम चालू करें। ग्रोवर ने कहा कि दुकानदारों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सीवरेज की समस्या से उनका काम धंधा चौपट हो रहा है, अगर उनकी समस्याओं का निपटारा नहीं किया तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करवाई जाएगी। इस मौके पर नगर निगम के संयुक्त आयुक्त राकेश सैनी, व्यापारी नेता टीनू लंबा सहित अनेक दुकानदार मौजूद थे।



रोहतक। कच्चा बेरी रोड पर लोगों से मुलाकात करते हुए विधायक भारत भूषण बत्रा।



रोहतक। कच्चा बेरी रोड पर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा करते हुए पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर। फोटो : हरभूमि

- दुकानदारों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए : मनीष ग्रोवर

### विधायक बत्रा ने प्रशासन को दिया सप्ताह का अल्टीमेटम, समाधान नहीं हुआ तो देंगे धरना

**रोहतक।** कच्चा बेरी रोड को लेकर कांग्रेस के शहरी विधायक भारत भूषण बत्रा अब एक्शन मोड में आ गए हैं। बत्रा ने कहा कि एक हफ्ते में प्रशासन नालों को साफ करवाए और गोबर की समस्या का समाधान करें नहीं तो यहां पर धरना दिया जाएगा। मौके पर मौजूद अधिकारियों से उन्होंने स्पष्ट कहा कि डेयरिया यहां से शिफ्ट की जाए और नालों की सफाई व्यवस्था नियमित सुनिश्चित की जाए। विधायक बत्रा दोपहर कच्चा बेरी रोड पर पहुंचे। उन्होंने लोगों से मुलाकात की और सड़कों की दुर्दशा का जायजा लिया। सड़क के दोनों तरफ बुरी तरह गोबर बिखरा हुआ था जिसकी वजह से कई गलियों में अंदर तक पानी भरा हुआ था। लोगों ने दिखाया कि किस तरह वहां नाले जाम थे, लोगो को आने जाने मे भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि विधायक की आगमन की सूचना के बाद पहुंचे सफाई कर्मी उन नालों को साफ करने की कोशिश में लगे नजर आए। बत्रा ने स्पष्ट कहा कि डेयरियों की वजह से जो दिक्कत लोगों को हो रही है इसका स्थाई समाधान होना चाहिए, डेयरियों को शिफ्ट करें यहां से और शिफ्ट होने तक यहां नालों की नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें, सड़कों पर गोबर बिखरा नजर नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां अंडरपास की आवश्यकता है ताकि स्थानीय लोग को किसी प्रकार की समस्या न हो।

# पुराने बस स्टैंड पर बनेगा शॉपिंग सेंटर कच्चा बेरी रोड की होगी कायापलट

## पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने अधिकारियों और दुकानदारों के साथ लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कच्चा बेरी रोड इलाका आने वाले समय में रोहतक शहर का प्रमुख व्यापारिक केंद्र बनने जा रहा है। पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर के प्रयासों से पुराना बस स्टैंड परिसर में शॉपिंग सेंटर बनाया जाएगा। जिसमें 76 दुकाने बनेंगी। जहां दुकानदार अलग-अलग कारोबार कर सकेंगे। वही कच्चा बेरी रोड के साथ पार्क का निर्माण भी किया जा रहा है।

पूर्व मंत्री ग्रोवर ने अधिकारियों और दुकानदारों के साथ पुराना बस स्टैंड पर बनाए जा रहे शॉपिंग सेंटर का मुआयना किया। पूर्व मंत्री ने बताया कि पुराना बस स्टैंड यहां से आजादगढ़ इलाके में जाने के बाद कच्चा बेरी रोड पर काम करने वाले दुकानदारों का बिजनेस प्रभावित हो गया था, लेकिन अब हरियाणा सरकार ने इस पूरे इलाके को प्रमुखता देते हुए शॉपिंग सेंटर और पार्क बनाने का फैसला लिया था। पार्क का निर्माण किया जा रहा है, जबकि शॉपिंग सेंटर का काम भी चालू हो गया है।



रोहतक। पुराने बस स्टैंड पर शॉपिंग सेंटर का निरीक्षण करते हुए पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर

- करीब 12 करोड़ रुपये की लागत से शॉपिंग सेंटर में 76 दुकानें बना कर तैयार की जाएगी

### 7 एकड़ में होगा निर्माण

करीब 12 करोड रुपये की लागत से शॉपिंग सेंटर में 76 दुकानें बना कर तैयार की जाएगी। इसका टेंडर एजेंसी को अलॉट कर दिया गया है। शॉपिंग सेंटर करीब 7 एकड़ जमीन पर विकसित किया जाएगा। इसमें 30 दुकान 3 मंजिला होगी। 10 दुकान कोने की होगी जबकि 21 बूथ प्रथम तल पर बनाए जाएंगे और आठ दुकानें कोने की साइट की होगी। 6 कियॉस्क बनाए जाएंगे। दूध बूथ और हर हित की एक दुकान होगी। आगामी 4 माह में इस शॉपिंग सेंटर को बनाकर तैयार कर दिया जाएगा और उसके बाद हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण विभाग की ओर से दुकानों का आवंटन करवाया जाएगा ताकि कच्चा बेरी रोड और पुराना बस स्टैंड इलाके में एक नया बाजार खड़ा हो सके और लोगों को इसका लाभ मिले। पूर्व मंत्री की इस जानकारी के बाद इलाके के तमाम दुकानदारों ने गर्मजोशी से स्वागत किया और हरियाणा सरकार का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने दुकानदारों के हित को सदैव प्राथमिकता दी है। कच्चा बेरी रोड के इस इलाके में एक नया बाजार खड़ा होने से जहां लोगों को सुविधाएं मिलेंगी वहीं युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

### सभी सुविधाएं मिलेंगी

पूर्व मंत्री ग्रोवर ने बताया कि भविष्य में पुराना बस स्टैंड की जमीन पर अन्य कमर्शियल प्रोजेक्ट भी ले जाएंगे ताकि इस पूरे इलाके में बिजनेस हब विकसित किया जा सके। यह इलाका पुराने रोहतक से जुड़ा है और मौजूदा सरकार की प्राथमिकता में है। पुराना बस स्टैंड परिसर में कम्युनिटी सेंटर पहले ही बन चुका है और पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इस इलाके में सभी सुविधाएं मिलेंगी।



रोहतक। इंडस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पीएनबी के अधिकारी बैंक स्कीम के बारे में जानकारी देते हुए।

### इंडस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बैंकिंग व्याख्यान का आयोजन

**रोहतक।** इंडस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पीएनबी बैंक अधिकारी ने बीएड और एमएड के विद्यार्थियों को बैंक की नई स्कीम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ दी जाने वाली वित्तीय सुविधाओं के बारे में बताया। विद्यार्थियों को नेट बैंकिंग के बारे में अवगत कराया और साथ में विद्यार्थियों को घर बैठे ही अपनी पास बुक, अपना खाता चैक करने की जानकारी दी। जिससे बैंक के कार्य को सुगमता से वह घर बैठे कर सकें। उन्होंने कहा आज के टेक्नोलॉजी के युग में हमें बार-बार बैंक के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और हमारा काम भी सुचारू रूप से चल जाता है। हम नेट बैंकिंग वे के जरिये हम पैसे का लेन-देन, बिजली का बिल भुगतान, खरीदारी आदि सुगमता से कर सकते हैं। ये सब हम कैश लेस कर सकते हैं। जिससे डिजिटल बैंकिग को बढ़ावा दिया जा सकता है।

## खबर संक्षेप



### दिनेश मुदगल बने शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका द्वारा संगठनात्मक नियुक्ति की गई है। दिनेश मुदगल को शिक्षक प्रकोष्ठ जिला संयोजक नवनियुक्त किया है।

### भाजपा नेता ने वितरित की जरूरतमंदों को शॉल



**रोहतक।** युवा भाजपा नेता कपिल नागपाल ने पंडित भगवत दयाल शर्मा में बाहर से आने वाले सभी मरीजों के सहायकों को शॉल व अन्य जरूरी सामान भेंट किया। उन्होंने कहा कि नैतिकता के आधार पर सभी सक्षम लोगों को जरूरतमंदों की सेवा व सहायता करनी चाहिए। इस प्रकार के कार्य करने वाले ही सच्चे समाजसेवी होते हैं।

### मॉडल स्कूल कलानौर में प्रतियोगिता 28 को

**रोहतक।** कलानौर स्थित वेद मॉडल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रविवार 28 जनवरी को कक्षा पहली से 12वीं तक के मेधावी छात्रों के बीच 'वेद मॉडल टेलैंट टेस्ट' प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिले के कई अन्य सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के प्रतिभावान बच्चे शिरकत करेंगे। बच्चों की हौंसला अफजाई के लिए 4.50 लाख के नकद और स्कालरशिप इनाम रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपये है।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में मनाया 'पराक्रम दिवस'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर 'पराक्रम दिवस' मनाया गया। इस दिवस को यादगार बनाने के लिए विद्यालय में भव्य कला संगम का आयोजन किया गया। इस संगम में केंद्रीय विद्यालय एवं जवाहर नवोदय विद्यालय के अतिरिक्त जिले के कुल 18 विद्यालयों के लगभग 100 बाल कलाकारों ने भाग लिया। बाल कलाकारों ने अपनी अपनी कला और कल्पना में रंग भरकर उन सेनानियों को याद किया, जिन्होंने अपने अदम्य साहस और पराक्रम से देश को नव्य आयाम प्रदान किया। कला प्रतियोगिता में संजय कुमार एवं प्रवीण कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, विजुअल आर्ट, मदवि तथा प्रख्यात मूर्तिकार मनीष खरे ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्राचार्या परमजीत कौर ने सभी प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रचित पुस्तक 'एग्जाम वारियर्स' भेंट की। इस पुस्तक में परीक्षा से होने वाले तनाव से मुक्त रहने का संदेश निहित है ।



# पठानिया स्कूल में मनाया 75वां गणतंत्र दिवस, विद्यार्थियों ने दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पठानिया पब्लिक स्कूल में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 'गार्ड ऑफ आनर' व राष्ट्रगान के साथ हुआ। तदुपरांत कार्यक्रम की मुख्यातिथि प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया ने भारतीय अस्मिता के प्रतीक तिरंगे को सलामी दी। जिसमें नृत्य व गायन की विविध व मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। कक्षा छठीं से नौवीं तक के विद्यार्थियों ने देश-प्रेम की भावना से ओत-प्रोत भाषण व कविता प्रस्तुत कर अपनी राष्ट्रीयता की भावना कर परिचय दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन गीता मल्होत्रा के दिशा-निर्देशन में कक्षा नौवीं की छात्रा लक्षिका और सारिका ने किया। कार्यक्रम में विगत माह हुई विभिन्न प्रतियोगिता के लिए चयनित छात्र विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आईआईटी दिल्ली व बिटस पिलानी में विविध प्रतियोगिता के लिए चयतिन छात्र व बतरा व चित्राक्षी ने अपने प्रेरणादायक विचारों से सभी को संबोधित किया।



प्रधानाचार्या तंवी पठानिया ने प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुए सभी को 75वें गणतंत्र दिवस की शुभकानाएं दी। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया ने कहा कि मैं आज उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को नमन कर श्रद्धांजलि देता हूं।



रोहतक। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए खेल निदेशक डॉ. आरपी गर्ग । फोटो : हरिभूमि

### मदवि में आयोजित इंटर कॉलेज महिला एवं पुरुष वुशू स्पर्धा संपन्न

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित इंटर कॉलेज महिला-पुरुष प्रतियोगिता वीरवार को संपन्न हो गई। महिला वर्ग में महम कॉलेज और पुरुष में गौड ब्राह्मण महाविद्यालय विजेता बना। विजेताओं को खेल निदेशक डॉ. आरपी गर्ग ने पुरस्कृत किया। प्रो. गर्ग ने बताया कि 52 किलोग्राम में जीसी महम की पिंकी प्रथम, जीसी रोहतक की अंतिम दूसरे, डीएवीसीसी फरीदाबाद की भूमि तीसरे, 60 में एमकेजेके रोहतक की एकता प्रथम, जीबीडीसी रोहतक की सिल्जा दूसरे, जीसी रोहतक की पूजा तीसरे,पुरुषों के 70 किलोग्राम में जीबीडीसी के सुमित प्रथम, जीसी फरीदाबाद के नितिन दूसरे, जाट कॉलेज रोहतक के अंकित तीसरे, 56 में यूटीडी-एमडीयू के अभिषेक प्रथम, जीसी महम के जितेंद्र दूसरे, डीएवीसीसी के फरीदाबाद के आशू तीसरे, 60 किलोग्राम में जीबीडी रोहतक के गौरव , जीसी खरखौदा के सौरभ दूसरे और डीएवी फरीदाबाद के मनप्रीत तीसरे स्थान पर रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20



रोहतक। पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम आयोजित : उपायुक्त

**रोहतक।** गांव घुसकानी स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला के 42 विद्यालयों के 125 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अजय कुमार ने बताया कि प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा में सिद्धांत और मूल्यों को जोड़ते हुए रचनात्मकता एवं विद्यार्थियों की पढ़ाई में रुचि को बढ़ाना है। इसके तहत विद्यार्थियों ने मुझे प्रेरणा के लिए क्यों चुना जाना चाहिए या माई विजन ऑफ इंडिया 2047 विषयों पर हिन्दी व अंग्रेजी भाषाओं में अपनी अभिव्यक्ति निबंध, पेंटिंग व कविता के माध्यम से दी। इस कार्यक्रम में जिला के राजकीय स्कूलों, निजी स्कूलों, केंद्रीय विद्यालय एवं जवाहर नवोदय विद्यालय सहित 42 विद्यालयों के 125 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मूल्यांकन कमेटी द्वारा इन विद्यार्थियों में से 30 विद्यार्थियों का साक्षात्कार के लिए चयन किया गया। साक्षात्कार का परिणाम प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। चयनित विद्यार्थी एक सप्ताह के लिए विशेष प्रशिक्षण पर गुजरात स्थित वाडनगर भेजे जायेंगे। गांव घुसकानी स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य राजेश गुप्ता ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत आयोजित प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन से शुभारंभ किया। डॉ.पुष्पा शर्मा, जयभगवान के अलावा अन्य शिक्षक एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।

### एसवीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग की तमन्ना ने किया नाम रोशन

**रोहतक।** गांव बालंद स्थित एसवीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग की बीएससी नर्सिंग की छात्रा तमन्ना तीसरे सेमेस्टर में दूसरी रैंक हासिल की। यह जानकारी चेयरमैन श्रीपाल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें तमन्ना ने जिले में दूसरा स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया। इस उपलक्ष में चेयरमैन श्रीपाल सिंह, कॉलेज प्रिंसिपल शानमूगा मीनाली व डायरेक्टर सुमित बड़क ने छात्रा को बधाई। चेयरमैन श्रीपाल सिंह ने छात्रा को 5100 रुपये का इनाम देकर सम्मानित किया।



### सहकारी समितियां पंजीकृत करवाकर बेरोजगार युवा स्थापित कर सकते हैं स्वरोजगारः पीयूष हुड्डा

**रोहतक।** सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां रोहतक की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन दि रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. रोहतक के सभागार में किया गया। इस कार्यशाला में दि रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. रोहतक के महाप्रबंधक पीयूष हुड्डा, सहायक सहकारी शिक्षा अधिकारी हरकोफैड रोहतक अर्चना के साथ विभिन्न एम पैक्सो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।मुख्य वक्ता सहकारिता विभाग के सहायक रजिस्ट्रार प्रवीन कादयान ने उक्त कार्यशाला में बताया कि प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध करवाकर स्वावलंबी बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा सहकारिता विभाग के माध्यम से सीएम पैक्स नामक एक अनूठी योजना लागू की है। इसके तहत कोई भी बेरोजगार युवाओं का समूह अपनी रूचि अनुसार स्वरोजगार स्थापित करके अच्छी खासी आमदनी प्राप्त कर सकते है।

- दि रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. में कार्याशाला का आयोजन

## राजकीय महिला कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

# विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डॉ. इंदु सपरा ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज सेविका राधा अहलावत रही। प्राचार्या ने छात्रों को मतदान की शपथ दिलाई। संविधान द्वारा हमें मौलिक अधिकार एवं कर्त्तव्य प्रदान किए गए हैं, जिनमें से एक अधिकार मतदान का है। कार्यक्रम के संचालक डॉ. नवीन एवं डॉ. मेहर सिंह ने छात्राओं को वोटर कार्ड बनवाने तथा वोट डालने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ आशा ओंकार, डॉ. सत्य प्रकाश, डॉ. सुनील धनखड़, डॉ. राकेश, डॉ. मनीषा बेदी, डॉ. अनुराधा, डॉ. नीलम, डॉ. अन्नु, डॉ. सुरक्षा, डॉ. सुनीता, विजेंदर, डॉ. अलका मौजूद रहे।



मतदान करने की शपथ लेते हुए मुख्य अतिथि राधा अहलावत, प्राचार्या डॉ. इंदु सपरा व अन्य प्रोफेसर।

### मजबूत लोकतंत्र के लिए हर एक वोट कीमतीः डॉ. महाश्वेता

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। प्राचार्या डॉ. महाश्वेता ने अभिभाषण में मजबूत लोकतंत्र में वोट के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस दिन को मनाने का महत्व भी बताया। इसी दिन भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी। लोकतंत्र की नींव देश के नागरिकों से ही होती है। जो कि मतदान पर निर्भर करती है। इसीलिए हर एक मतदाता का मतदान करना जरूरी है। देश के नागरिक अपनी मर्जी से अपना प्रतिनिधि चुनते हैं और वहीं प्रतिनिधि आगे चलकर विधान सभा एवं लोकसभा में देश की जनता के पक्ष को रखते हैं। प्राचार्या ने संविधान के महत्व को भी उजागर किया।